बरेली, शुक्रवार
17 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

PAGE NO : I TOP

टूर्नामेंट : एसआरएमएस स्टेडियम में इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सुबह आठ बजे से।

PAGE NO : III MIDDLE

बेदी ने जिंगल बेल्स को 87 रनों से हराया

आदर्श निकेतन ने मैच खेलने से किया इन्कार नेशनल पब्लिक स्कूल को वाकओवर

जागरण संवाददाता, बरेली: एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सेवन के दूसरे दिन ग्रुप-ए में नेशनल पब्लिक स्कूल और आदर्श निकेतन स्कूल के बीच और ग्रुप-सी में बेदी इंटरनेशनल स्कूल और जिंगल बेल्स पब्लिक स्कूल के बीच मैच खेला गया। दूसरे ओवर में 11 रन पर चार खिलाड़ी आउट होने पर आदर्श निकेतन इंटर कालेज की टीम ने खेल जारी रखने से मना कर दिया और प्रतियोगिता से हट गई। इससे नेशनल पब्लिक स्कूल की टीम को वाकओवर के साथ दो अंक दे दिए गए। दूसरे मैच में बेदी इंटरनेशनल स्कूल ने जिंगल बेल्स स्कूल को 87 रनों से हराया। बेदी इंटरनेशनल के विशाल को मैन आफ द मैच चुना गया।

एसआरएमएस स्टेडियम में तीसरा मैच ग्रुप-ए की टीम नेशनल पब्लिक स्कूल और आदर्श निकेतन स्कूल के बीच हुआ। इसमें आदर्श निकेतन के कप्तान सूरज पाल ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। हालांकि पहली ही गेंद पर सूरज पाल को अरुण यादव ने एलबीडब्ल्यू कर आउट कर दिया। इसी ओवर में आदर्श निकेतन का दूसरा विकेट गिरा। अगले ओवर में फिर दो खिलाड़ी अपना विकेट गंवा बैठे।

इस पर आदर्श निकेतन के खिलाड़ियों ने खेल जारी रखने से मना कर दिया और लौट गए। टूर्नामेंट आयोजन समिति सचिव डा. शोभित सक्सेना ने आदर्श निकेतन की टीम को समझाने की कोशिश की, लेकिन उनके न मानने पर मैच रेफरी और अंपायरों से फैसले के बाद नेशनल पब्लिक स्कूल की टीम को वाक ओवर दिए जाने की घोषणा की गई।

एसआरएमएस स्टेडियम में क्रिकेट खेलते खिलाड़ी • सौ. आयोजक

बेदी इंटरनेशनल ने टास जीतकर की पहले बल्लेबाजी

टूर्नामेंट का तीसरा मैच ग्रुप-सी की टीमों बेदी इंटरनेशनल स्कूल और जिंगल बेल्स पब्लिक (जेबीपीएस) स्कूल के बीच दोपहर 12 बजे आरंभ हुआ। बेदी इंटरनेशनल के कप्तान नूरुल अजीज ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। उनके इस फैसले को बल्लेबाजों ने सही साबित किया और निर्धारित 20 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 216 रन बनाए। इसमें विशाल (102 रन, 59 गेंद, 16 चौके) और कप्तान नूरुल अजीज (49 रन, 35 गेंद, छह चौके) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। दोनों अविजित रहे। जीत के लिए 216 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेबीपीएस की टीम 14.2 ओवर में 129 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। बेदी इंटरनेशनल ने 87 रनों से जीत दर्ज की। जेबीपीएस की ओर से कप्तान वैदिक वर्मा (20 रन, 22 गेंद, एक चौका, एक छक्का), अनुज पटेल (13 रन, नौ गेंद, तीन चौके) और ऋतिक यादव (48 रन, 32 गेंद, नौ चौके) ही दहाई के अंक तक पहुंच सके। टीम को 129 रन तक पहुंचाने में अतिरिक्त के रूप में मिले 36 रनों का भी अहम योगदान रहा। इस मैच में 16 चौकों की मदद से 59 गेंदों पर नाबाद शतक बनाने वाले बेदी इंटरनेशनल स्कूल के विशाल को मैन आफ द मैच की ट्राफी आयोजन समिति के अध्यक्ष डा. प्रभाकर गुप्ता ने प्रदान की।